//प्रेस विज्ञप्ति //

34 वीं सब जूनियर प्रथम और द्वितीय राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता रोहतक हरियाणा में उज्जैन छतरपुर और भोपाल के मलंखब फीडर सेन्टर के खिलाड़ियों ने जीते 11 पदक

भोपाल दिनांक 05.04.2024

दिनांक 29 से 31 मार्च 2024 तक 34वीं सब जूनियर प्रथम और द्वितीय राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन रोहतक (हरियाणा) में किया गया। प्रतियोगिता में विभाग के द्वारा संचालित मलंखब फीडर सेन्टर भोपाल, उज्जैन और छतरपुर के 24 खिलाड़ियों ने टीम और व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रतिभागिता करते हुये 01 स्वर्ण, 06 रजत और 04 कांस्य सहित 11 पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

मलखंब आलराउण्ड टीम स्पर्धा में 04 रजत पदक

34वीं सब जूनियर प्रथम और द्वितीय राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता में मलखंब सेन्टर उज्जैन के 20 और छतरपुर मलखंब सेन्टर के 01 और भोपाल सेन्टर के 03 खिलाड़ी सहित 24 खिलाड़ियों ने टीम स्पर्धा 04 रजत अर्जित किये।

मलखंब व्यक्तिगत स्पर्धा में जीते 07 पदक

वही प्रतियोगिता की व्यक्तिगत स्पर्धा के रोप इवेन्ट में तमन्ना यादव ने 01 स्वर्ण, आदेश मिश्रा ने आलराउण्ड में 01 रजत, पोल–रोप एपरेटस में 02 कांस्य, माही राठौर ने आलराउण्ड में 01 रजत पूर्णिमा तिवारी ने पोल एपरेटस में 01 कांस्य और चार्बी कोरी ने रोप एपरेटस में 01 कांस्य सहित 07 पदक प्राप्त किये। इस प्रकार प्रतियोगिता में म.प्र. के खिलाड़ियों ने कुल 01 स्वर्ण, 06 रजत और 04 कांस्य सहित 11 पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

————

34वीं
राष्ट्रीय
प्रतियोगिता